>

Title: Need to install bronze statues of freedom fighters in Shahjahanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh -laid.

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): मैं सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश राज्य के लोक सभा क्षेत्र शाहजहांपुर की ओर आकर्षित करना चाहूंगा, जिसको शहीदों की नगरी के नाम से भी जाना जाता है । शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. रामप्रसाद बिस्मिल, अशरफ उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह की जन्म स्थली है तथा इन वीर सपूतों ने देश को गुलामी की जंजीरों से आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी । इस सदर्भ में मेरा अनुरोध है कि वह देश की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर शाहजहांपुर संसदीय क्षेत्र के भारतीय स्वतंत्रता सग्राम सेनानी पं. रामप्रसाद बिस्मिल, अशरफ उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह की याद एवं सम्मान में शाहजहांपुर में कांस्य प्रतिमा स्थापित किए जाने के साथ-साथ वहां पर पार्क एवं डाक टिकट की श्रृंखला जारी किए जाने हेतु समुचित कदम उठाए ।